Rapid Fire (करेंट अफेयर्स) 31 दिसंबर, 2019

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-31-december-2019

CBDT ने बढ़ाई पैन को आधार से जोड़ने की तारीख

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड अर्थात् CBDT ने पैन (PAN) को आधार से जोड़ने की तारीख को मार्च 2020 तक बढ़ा दिया है। ध्यातव्य है कि पहले इस कार्य के लिये 31 दिसंबर 2019 अंतिम तारीख थी। इस संदर्भ में सूचना देते हुए CBDT के कहा कि "आयकर अधिनियम 1961 की धारा 139 (A)(A) की उप-धारा (2) के तहत पैन को आधार के साथ जोड़ने की अंतिम तिथि को 31 दिसंबर, 2019 से बढ़ाकर 31 मार्च, 2020 की गई है।" उल्लेखनीय है कि यह आठवीं बार है जब CBDT ने पैन को आधार से जोड़ने कि समयसीमा में बढ़ोतरी की है।

हुआवे को 5G ट्रायल की अनुमति

केंद्र सरकार ने चीनी टेक कंपनी हुआवे (Huawei) को अगले वर्ष होने वाले 5G ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दे दी है। गौरतलब है कि हुआवे वही चीनी कंपनी है जिस पर अमेरिका ने जासूसी का आरोप लगाते हुए प्रतिबंध लगा दिया था। अमेरिकी इंटेलिजेंस विभाग का मानना था कि हुआवे द्वारा तैयार किये जा रहे उपकरण देश की आंतरिक सुरक्षा के लिये खतरा पैदा कर सकते हैं। इसी को मद्देनज़र रखते हुए अमेरिका ने विश्व के कई देशों के लिये भी हुआवे के साथ व्यापार न करने कि चेतावनी जारी की थी। भारत के लिये एक बड़ी समस्या यह थी कि वह चीन जैसे महत्त्वपूर्ण पड़ोसी देश की कंपनी को अपने बाज़ार में स्थान न देकर उसके साथ अपने संबंधों को खराब नहीं कर सकता था। ऐसी स्थिति में भारत ने एक दूरगामी दृष्टिकोण अपनाते हुए हुआवे को अनुमति देने संबंधी अपना आधिकारिक रुख तय कर लिया है।

पीटर सिडल

ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज़ के दूसरा मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम के तेज़ गेंदबाज़ पीटर सिडल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। पीटर सिडल ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिये 67 टेस्ट, 20 वनडे इंटरनेशनल और 2 T20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। दाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ पीटर सिडल 67 टेस्ट मैचों की 126 पारियों में गेंदबाज़ी करते हुए कुल 221 विकेट अपने नाम किये हैं। साथ ही उन्होंने टेस्ट मैच में 6777 रन भी बनाए हैं, जिसमें 2 अर्द्धशतक भी शामिल हैं।

क्रिस्टीना कोच

नासा (NASA) की अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच अंतरिक्ष में सबसे ज़्यादा समय तक रहने वाली महिला बन गई हैं। फ़्लाइट इंजीनियर क्रिस्टीना ने बीते शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISA) में 288 दिनों तक रहने का नासा की ही अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिट्सन का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। ज्ञात हो कि क्रिस्टीना कोच इस वर्ष अक्तूबर में ISA से बाहर आकर अंतरिक्ष में चहलकदमी करने वाली महिलाओं की टीम में भी शामिल थीं।